मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-51
23/01/2020

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की हुई समीक्षा बैठक

पटना, 23 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में बाढ़ 2019 से क्षति के आलोक में किए गए सहाय्य कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने विभिन्न विभागों द्वारा क्षति के संबंध में दिये गये विवरण के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसमें कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के विवरण शामिल थे। केंद्रीय सहायता हेतु भेजे गये ज्ञापन में राशि के संबंध में भी बताया गया। बैठक में कृषि इनपुट सब्सिडी के लिए अब तक जारी की गई राशि के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री को गृह क्षति के लिए भी उपलब्ध करायी गई राशि के संबंध में जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए हमलोगों को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने इनपुट सब्सिडी की राशि लोगों को जल्द से जल्द वितरित करने का निर्देश दिया।

बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन श्रीमती एन0 विजया लक्ष्मी, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री विनय कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवन कुमार, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव कुमार हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******